सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को लोकपर्व इगास–बग्वाल की बधाई दी।

राजभवन देहरादून 22 नवम्बर, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रदेशवासियों को उत्तराखण्ड के लोकपर्व इगास–बग्वाल की बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि यह हम सभी प्रदेशवासियों का सौभाग्य है कि लोक कला, लोक संस्कृति एवं परंपराओं के दृष्टिगत देवभूमि उत्तराखण्ड समृद्ध प्रदेश है। उत्तराखण्ड अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ–साथ अपने लोक नृत्य, त्यौहार, कौथिग और मेलों के कारण अपनी विशिष्ट पहचान रखता है।

राज्यपाल ने कहा कि लोक पर्वों के व्यापक आयोजनों के जरिए ही उत्तराखण्ड के लोग खासकर युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति को बेहतर ढंग से आत्मसात कर सकती है। यह बड़ी प्रसन्नता की बात है कि हाल के कुछ वर्षों से प्रवासी उत्तराखंडी भी अपने गांवों में आकर इगास के पर्व को उल्लासपूर्वक एवं धूमधाम से मना रहे हैं। इस तरह की अभिनव पहल उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति व लोक परंपराओं को संरक्षित एवं संवर्धित करने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने प्रदेशवासियों से आग्रह किया है कि कोशिश करें कि वे अपने गांव–घर जाकर लोक पर्व 'इगास' को उत्साहपूर्वक मनाएं।

..........0...........